# राज्यपाल सचिवालय
# राजभवन जयपुर

क्रमांकः F.1(A)( )RB/2020/63 दिनांकः 13 जून, 2020

**कार्यवाही विवरण**

''टास्क फोर्स'' की तृतीय बैठक सचिव, राज्यपाल महोदय की अध्यक्षता में 02.06.2020 को ''माइकोसॉफ्ट टीम'' के द्वारा आयोजित की गई जिसमें ''टास्क फोर्स'' के सभी सदस्यो ने ''विडियो कान्फेसिग'' द्वारा बैठक में भाग लिया।

बैठक के प्रारम्भ में सचिव महोदय द्वारा सभी सदस्यों को माननीय कुलाधिपति द्वारा जल्दी ही ''कुलपति संवाद'' आयोजित किये जाने की सूचना दी एवं राज्य के समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के द्वारा शिक्षा, परीक्षा, परीक्षा परीणाम एवं आगामी सत्र में प्रवेश के संबंध में निम्नलिखित प्रस्तावित योजनाओं के बारे में टास्क फोर्स सदस्यों को जानकारी दीः–

1. सभी विश्वविद्यालयों द्वारा ''ऑनलाइन'' शिक्षण को बढावा दिये जाने एवं ऑनलाइन शिक्षा दिया जाना सुनिश्चित किया गया।
2. अधिकतम विश्वविद्यालयों द्वारा लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षायें माह जुलाई एवं अगस्त 2020 में ऑफलाइन करवाये जाने का प्रस्ताव दिया है।
3. कुछ विश्वविद्यालयों द्वारा प्रश्न–पत्र की अवधि दो घण्टे तक सीमित करने का सुझाव दिया गया है।
4. ''सोशल डिस्टेंसिंग'' के चलते अधिकतर विश्वविद्यालयों द्वारा प्राइवेट महाविद्यालय एवं स्कूलों को परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षण के लिये चिन्हित किया गया है।
5. विश्वविद्यालय के कुलपतियों द्वारा ग्रीष्म अवकाश को 15 जून तक बढाये जाने की अनुशंसा की गई।
6. कुछ अन्य विश्वविद्यालय प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष स्नातक एवं स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध में नोशनल प्रमोशन कर परीक्षायें केवल स्नातक तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध की कराना चाहते हैं।
7. अधिकतर विश्वविद्यालय उत्तर पुस्तिकाओं की जांच ऑफलाइन ''केन्द्रीय मूल्यांकन'' एवं परीक्षकों द्वारा कॉपियों की घर पर जांच कर ऑनलाइन प्राप्तांक ''फीड'' करवाना चाहते हैं जिससे तुरन्त परिणाम घोषित किया जा सके।

8. लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षायें 15 जुलाई के पश्चात् परिस्थिति अनुरूप रखी जा सकती है।

9. कुछ तकनीकी विश्वविद्यालय अपने उपलब्ध संसाधनों के होते OMR शीट द्वारा परीक्षा MCQ द्वारा कराना चाहते हैं तथा उत्तर पुस्तिका की जांच भी OSES के द्वारा कराया जाना प्रस्तावित करते हैं।

सचिव राज्यपाल महोदय द्वारा उपरोक्त अनुशंषाओं पर सभी टॉस्क फोर्स के सदस्यों की राय एवं सुझाव जानने चाहे एवं सभी विश्वविद्यालयों द्वारा वर्तमान परिस्थिति में "बायोमेट्रिक सिस्टम" को बद करनें एवं "नॉन टीचिगं" स्टॉफ तथा विद्यार्थियों को "सोशल डिस्टेसिग" के तहत बैठाने की व्यवस्था के लिए कहा। साथ ही सदस्यों द्वारा ई–लर्निंग के द्वारा छात्र–छात्राओं को पढाये जाने पर सभी सदस्यों की राय जाननी चाही।

बैठक के दौरान आंमत्रित सभी सदस्यों ने विस्तार पूर्वक अपनी राय व्यक्त करी जिसमें निम्नलिखित महत्वपूर्ण अनुशंषाए एवं सुझाव है :–

- राज्य में लॉकडाउन 5 के दौरान दी गई रियायतों के चलते छात्र अब अपनी पुस्तकें व अध्ययन सामग्री हॉस्टल अथवा किराये पर लिये हुए कमरो से अपने घर ले जा सकते है। जिससे वह अपनी परीक्षाओं की तैयारी सुचारू रूप से कर सकें।
  **(प्रो. जे.एस. संधू)**

- कोविड़–19 की परिस्थिति में भी लिखित परीक्षायें करवाई जानी आवश्यक है एवं छात्रों को अगली कक्षा में "नोशनल प्रमोशन" दिया जाना उचित नही होगा।
  **(आयुक्त कॉलेज शिक्षा, विशेष आंमत्रित)**

- राज्य सरकार का यह प्रयास रहेगा कि तृतीय वर्ष स्नातक एवं अन्तिम वर्ष स्नात्तकोत्तर की परीक्षा प्राथमिकता से कराली जाये एव अन्य परीक्षाओं को परिस्थिति के अनुरूप बाद में करायी जायें।
  **(आयुक्त कॉलेज शिक्षा,विशेष आंमत्रित)**

- आगामी सत्र में प्रवेश "प्रोविजनल" आधार पर कक्षा 12 के परीणामों की घोषणा के बाद किया जायेगा एवं अन्य गतिविधियाँ अकादमिक सत्र के साथ सामान्य रूप से चलायी जायेगी। छात्र संघ चुनाव के लिये राज्य सरकार को अवगत करा दिया गया है एवं उस पर उच्च्य स्तरीय विचार के बाद ही कोई निर्णय लिया जाना संभव होगा।
  **(आयुक्त कॉलेज शिक्षा,विशेष आंमत्रित)।**

- सभी साधारण विश्वविद्यालय एवं सरकारी महाविद्यालय अपनी परीक्षा सारणी एवं आगामी सत्र में लिये जाने वाले प्रवेश की समय सारणी राज्यपाल सचिवालय को अतिशीघ्र प्रेषित करेगें।

  **(प्रमुख विशेषाधिकारी, माननीय राज्यपाल)**

- अन्य विश्वविद्यालयों यथा तकनीकी, कृषि, स्वास्थ्य आदि अपनी शीर्ष संस्थाओं के दिशा निर्देशों अनुरूप परीक्षा एवं प्रवेश की समय सारणी से राज्यपाल सचिवालय को अवगत करायें।

  **(प्रमुख विशेषाधिकारी, माननीय राज्यपाल)**

- वर्तमान परिस्थितयों में विश्वविद्यालयों द्वारा प्रत्येक कक्षाओं की लिखित परीक्षा कराने के विषय पर राज्यपाल सचिवालय एवं राज्य सरकार एकमत है।

  **(प्रमुख विशेषाधिकारी, माननीय राज्यपाल)**

- जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर में सुबह एवं शाम, दो सत्रों में परीक्षा करायी जाकर मध्य सत्र में ''सेनीटाईजेशन'' करवाया जाना निश्चित किया गया है।

  **(प्रो. पी.सी.त्रिवेदी)**

- विश्वविद्यालय द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि ना तो पाठ्यक्रम कम किया जावेगा एवं नाही परीक्षा MCQ के रूप में ली जायेगी। सभी शोधर्कताओं Thesis जमा किये जाने के लिये 6 माह का समय अधिक दिया जायेगा।

  **(प्रो. पी.सी.त्रिवेदी)**

- विश्वविद्यालय में प्रवेश, 12 कक्षा के परीणाम आने के पश्चातः बिना प्रवेश परीक्षा के दिया जायेगा। मुख्य परीक्षा 15 जुलाई बाद शुरू की जायेगी एव उत्तर पुस्तिका की जॉच ऑफलाईन मोड में परीक्षको द्वारा सीधे ही ओ.एम.आर शीट भरवाकर किया जाना निश्चित किया गया है।

  **(प्रो. पी.सी.त्रिवेदी)**

- ई–लर्निग के माध्यम से सुदुर गॉवों में बैठे छात्रों द्वारा निरन्तर शिक्षण सामग्री प्राप्त कि जा रही है जिसके बारे में समय–समय पर स्वंय कुलपति महोदय द्वारा फीडबैक लिया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा 16 जून से 30 जून के बीच प्रोविजनल प्रवेश दिया जायेंगा।

  **(प्रो. आर.पी. सिंह)**

- राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा अतिम वर्ष की परीक्षायें ''ऑफलाईन'' एवं ''ऑनलाईन'' दोनो प्रकार से ली जायेगी तथा ''सोशल डीस्टेसिग'' के कारण बढ़ाये जाने वाले परीक्षा केन्द्रो की गणना कर ली गयी है। विश्वविद्यालय द्वारा सभी प्रस्तावित परीक्षाओं की समय सारणी राज्यपाल सचिवालय को प्रेषित कर दी जायेगी।

  **(प्रो. आर.ए. गुप्ता)**

- डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक एवं स्नात्तकोत्तर पाठ्यक्रम पूरे कर लिये गये है। तकरीबन 600 व्याख्यान की विडियों रिकार्डिंग वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए "डाउट सेशन" लागू किये गये है। सभी परीक्षाऐं ऑफलाईन मोड में ली जायेगी एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए Thesis Submission पूर्णत "ऑनलाईन" कर दिया गया है।

  **(प्रो. अभिमन्यु कुमार, विशेष आमंत्रित सदस्य)**

- परीक्षाओं की जॉच "केन्द्रीय मूल्यांकन" द्वारा कराई जायेगी। इन परिस्थितियों मे विश्वविद्यालय द्वारा प्रायोगिक परीक्षाओं को कराना कठिन प्रतीत होता है।

  **(प्रो. अभिमन्यु कुमार विशेष आमंत्रित सदस्य)**

- सभी राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के वित्त नियत्रंक इस सत्र में खर्च नही हुये अनुदान का विवरण राज्यपाल सचिवालय द्वारा प्रेषित प्रपत्र में भेजा जाना सुनिश्चित करेगे।

  **(वित्त सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय)**

- सभी राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयो के कुलसचिव एवं वित्त नियत्रंक "टास्क फोर्स" के माध्यम से आगामी सोमवार को चर्चा करेगे एवं अगर वह किसी विशिष्ट बिन्दु को वे प्रस्तावित कुलपति संवाद में जुडवाना चाहते है तो उसका उल्लेख बैठक में कर सकेगे।

  **(प्रमुख विशेषाधिकारी, माननीय राज्यपाल)**

- **विश्वविद्यालयो को एक मत होकर यह स्पष्टता के साथ निर्णय लेकर दिशा निर्देश निर्धारित करने होगे की कोरोना ग्रसित छात्र या छात्रा एवं बुखार से पीड़ित छात्र या छात्रा को परीक्षा दिये जाने की अनुमति दी जानी चाहिए अथवा नही। यदि उक्त छात्र को अनुमति प्रदान करते है तो ऐसी स्थिति में उसको परीक्षा के दौरान अलग बैठाये जाने के प्रबंधन हेतु किस प्रकार व्यवस्था की जायेगी और अगर छात्र को अनुमति नही दी जाती है तो वह परीक्षा छात्र द्वारा पूरक परीक्षा के साथ दी जाकर किस प्रकार परीक्षा परिणामों में दर्शायी जायेगी।**

  **(प्रो. ए.के.गहलोत,विशेष आंमत्रित)**

- अंत में बैठक के सदस्य सचिव द्वारा सभी आंमत्रित सदस्यों को टास्क फोर्स द्वारा निरंतर विश्वविद्यालयों को कोविड़–19 से उत्पन्न स्थिति के सबंध में कुलाधिपति महोदय के निर्देशानुसार दिशा निर्देश एवं सुझाव देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

सचिव, राज्यपाल महोदय द्वारा आयुक्त कॉलेज शिक्षा को यह आग्रह किया गया कि वह वर्तमान स्थिति में राजकीय महाविद्यालयों में कोविड–19 के संदर्भ में किये जा रहे किसी भी प्रकार के नवाचार से राज्यपाल सचिवालय को अवगत कराते रहें।

Sd/-
**सदस्य सचिव**
**टास्क फोर्स**

क्रमांकः F.1(A)( )RB/2020/64 दिनांक 13 .06.2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त सदस्य टास्क फोर्स।
2. प्रमुख विशेषाधिकारी, माननीय राज्यपाल, राजभवन, जयपुर।
3. आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. विशेषाधिकारी –II
5. निजी सचिव, सचिव, राज्यपाल, राज0, जयपुर।

विशेषाधिकारी–I
उच्च शिक्षा